हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

रोहतक, बुधवार,17 अप्रैल 2024



12 भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी को जीताने का लिया संकल्प





12 आमजन को मतदान के प्रति किया जागरुक




## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रिंस उर्फ ठल्लु को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ओमप्रकाश सिंह ने 7 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी प्रिंस ने 3 अप्रैल 2024 को उसके ट्रेक्टर की ईच (पार्ट) चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। उसके कब्जे से चोरीशुदा संपत्ति भी जब्त की गई है।

### मारपीट के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर क्षेत्र में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी कर्ण सिंह उर्फ कन्नु को गिरफ्तार किया है। परिवादी पुष्पिंद्र ने 15 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कर्ण सिंह ने बस स्टैंड शहजादपुर में बस में चढ़कर उससे अभद्र व्यवहार कर मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ने व जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी अश्विनी को गिरफ्तार किया है।द्ध शिकायतकर्ता मांगे राम ने 1 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 जनवरी 2020 से 1 नवंबर 2023 के दौरान आरोपी अश्विनी ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### घर में घुसकर पिता-पुत्र पर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव कप्तान माजरी में कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर पिता-पुत्र पर रॉड व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गहरी चोट लगने के कारण उन्हें टांके लगाने पड़े। पुलिस ने गांव कप्तान माजरी निवासी संजीव कुमार की शिकायत पर जांच के बाद 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पिछले साल की तुलना में गेहूं की आवक में 50 फीसदी की गिरावट

## परिवर्तशील मौसम की पड़ी मार, कमीशन व दूसरी समस्याओं को लेकर आढ़ती भी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी के अधीनस्थ उगाला, एवं सरदेहडी खरीद केंद्रों पर इस रबी मौसम के पहले पखवाड़े में सर्दी के लंबे खींचने, रात्रि तापमान में कमी, वर्षा, बादलों व परिवर्तनशील मौसम के चलते गत वर्ष 2023 -24 में 2.13 लाख क्विंटल की तुलना में इस बार गेहूं की आवक 95 हजार क्विंटल ही मात्र दर्ज की गई,। यह गत वर्ष की तुलना में आधे से भी कम है। कृषि पंडितों के अनुसार गेहूं की बिजाई के समय ठंड तथा पकने के समय तापमान अधिक होने से गेहूं का उत्पादन व गुणवत्ता पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। परंतु बिजाई के समय इस बार ठंड का मौसम रहा।

- खेत में खड़ी फसल पर बारिश तथा ओलावृष्टि का भय सता रहा



मंडी में आई गेहूं को सूखाते मजदूर

शरद ऋतु के लंबा खिंचने व रात्रि का तापमान कम रहने, वर्षा बादलों तथा परिवर्तनशील मौसम के कारण फसल पकने में अनावश्यक विलंब तथा गेहूं में नमी की मात्रा अधिक होने से किसानों की परेशानी अत्यधिक बढ़ गई है। मंडी में गेहूं बेचने पहुंचे किसान उजागर सिंह, प्रेम सिंह, परवीन, प्रदीप, किशन सिंह तथा जयसिंह आदि ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा बताए गए पूर्व हनुमान के अनुसार पश्चिमी वक्षिोभ के बार-बार सक्रिय होने से गेहूं के पकने, कटाई व सुखाने में अनावश्यक विलंब के साथ भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण खेत में खड़ी फसल पर बारिश तथा ओलावृष्टि का भय सता रहा है, जबकि कटाई के पश्चात खेत अथवा मंडी में बारिश से भीगने व अधिक नमी के कारण परेशान होना पड़ रहा है। सरकार को 12% नमी से बढ़ाकर इसकी मात्रा 14% करनी चाहिए जिससे किसानों को कुछ राहत मिल सके।

### कमीशन को लेकर रोष जताया



आढ़ती संघ प्रधान कवंरजीत सिंह विर्क ने बताया कि गल 1 से लेकर 5 अप्रैल तक धरना प्रदर्शन करके सरकार का ध्यान गेहूं सूरजमुखी तथा सरसों आदि सभी फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम से करने, किसानों को भुगतान का विकल्प उपलब्ध करवाने, एवं सरकार द्वारा पूर्व निर्धरित ढाई प्रतिशत कमीशन जैसी चिरलंबित मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया था। यह समस्या अभी भी अधर में लटकी हुई है। सरकार को तत्काल कदम उठाकर आरती व किसानों की इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

### फसल निर्धरित मूल्य व नमी के आधार पर खरीदी जाएगी



अनाज मंडी में कृषकों की सुविधा के लिए सड़क, पेयजल, बिजली, सफाई तथा शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं, सहित किसान हेल्प डेस्क आदि की व्यवस्था को समय से पूर्व ही दुरुस्त किया जा चुका है। किसान अपनी फसल अच्छी प्रकार साफ व सुखा कर दोपहर तक मंडी में लाएं, जिससे उसी दिन खरीद संभव हो सके चालू रबी मौसम में किसानों की समस्त फसल निर्धरित मूल्य व नमी के आधार पर खरीदी जाएगी। फसल बेचने आए कृषकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

राहुल मेव, सचिव, कृषि मंडी

# पीएम मोदी के राज में पूरी दुनिया में भारतवासी सुरक्षित : नायब



करनाल। रायफार्म काछवा में जनसभा को सम्बोधित मुख्यमंत्री नायब सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक आज पूरे विश्व में अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर देशवासी को सुरक्षा की गारंटी दी है। आज देश दुनिया के हर कोने में भारतवासी को सम्मान मिलता है जिसका कारण सिर्फ ओर सिर्फि नरेंद्र मोदी है। मुख्यमंत्री देर शाम को करनाल विधानसभा के गांव रायफार्म काछवा में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले गांव में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने उदबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले साढ़े 9 सालों में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। यह विकास आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए हम सबको लोकसभा ओर विधानसभा में भाजपा को विजयी बनाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा , जगमोहन आनन्द, संजय बठला, सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार, पूर्व सरपंच बिट्टू, कलामपुरा पूर्व सरपंच बंसी लाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

- रायफार्म गांव काछवा में मुख्यमंत्री नायब सैनी का हुआ जोरदार स्वागत

# ड्राइवर ही निकला लूट की वारदात का मास्टरमाइंड

## मोबाइल दुकानदार का अपहरण कर हुई लूट की वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अनाज मंडी कट के पास जीटी रोड पर क्रेटा गाड़ी सवार मोबाइल दुकानदार का अपहरण कर हुई लूट की वारदात को सीआईए वन पुलिस ने सफलता पूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस टीन ने वारदात का पर्दाफास करते हुए क्रेटा चला रहे ड्राइवर अमन समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ड्राइवर अमन वारदात का मास्टर माइंड निकला। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महीपाल सिंह ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में संतलाल कपूर पुत्र जसवंत निवासी विराट नगर ने शिकायत देकर बताया था कि उसकी संजय चौक पर कपूर टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान है। वह अलग अलग कंपनियों के मोबाइल आर्डर कर पानीपत मंगवाता है और फिर उन्हें दिल्ली करोल बाग में दुकानदारों को बेच देते है। 13 अप्रैल को वह ड्राइवर अमन निवासी बलजीत नगर के साथ क्रेटा कार में सवार होकर मोबाइल देने के लिए दिल्ली करोल बांग गया था। वह देर शाम दिल्ली से पानीपत के लिए चले थे। देर शाम करीब 11:30 बजे अनाज मंडी कट के पास पहुचे तो पीछे से पत्थर लगने की आवाज सुनाई दी। ड्राइवर गाड़ी को साइड में लगाकर नीचे उतरा। वह गाड़ी में पिछली सीट पर बैठा रहा। चांबी भी गाड़ी में ही लगी हुई थी। तभी एकदम से दो लड़के गाड़ी के पास आए एक ड्राइवर सीट पर बैठ गया दूसरा पीछे वाली सीट पर उसके पास बैठ गया। उसने पीछे मुड़कर देखा तो काले रंग की बाइप पर बैठा एक लड़का ड्राइवर के साथ हाथापाई कर रहा था। इसके बाद आरोपियों ने गाड़ी को स्टार्ट कर शहर की तरफ भगा दिया। आगे से यू टर्न कर चौटाला रोड की तरफ ले गए। वहा डरा धमका कर उसकी जेब से पैसे निकाल लिया और सुनसान जगह पर उतार कर फरार हो गए। कार में ड्राइवर साइड के नीचे एक थेले में पैसे रखे थे। वह पैदल ट्रांसपोर्टर की दुकान पर पहुंचा । संत लाल की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

- 13 अप्रैल को वारदात को अंजाम दिया था



लूट की वारदात के गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ ।

### दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

सब इंस्पेक्टर महीपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में सीआईए वन पुलिस टीम ने मामले की सघंन जांच करते हुए ड्राइवर अमन व उसके साथी साहिल निवासी शिव नगर व शोएब उर्फ साधु निवासी विद्यानंद कॉलोनी को बबैल नाका से गिरफ्तार कर पूछताछ की तो तीनों आरोपियों ने विद्यानंद कॉलोनी निवासी अपने साथी अरमान के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर उन्हें 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# करनाल में नहर किनारे मिला युवक का शव

## शरीर पर चोट के निशान मिलने पर परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कैथल रोड स्थित नहर किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पड़ा मिला। युवक के शरीर पर चोटों के निशान होने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल ये पुलिस जांच का विषय है। पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच कर रही है। यमुना विहार निवासी ईश्वर ने बताया कि उसका बेटा निखिल (19) सोमवार शाम को अपनी मां को यह कहकर निकला था कि वह बाहर घूमने जा रहा है और थोड़ी देर तक आ जाएगा, लेकिन रात तक भी वह घर वापस नहीं लौटा। फोन किया तो उसका फोन नहीं मिला। देर रात को निखिल का शव कैथल रोड नहर किनारे के पास से बरामद हुआ। निखिल के पिता ईश्वर ने बताया कि उसके बेटे के पास 1200 डॉलर व 15 हजार रुपए और मोबाइल फोन था, जो गायब है। शरीर पर चोटों के निशान मिले है।

आरोप है कि लूटपाट कर निखिल की हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी। शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

- मां को कहकर निकला था कि वह बाहर घूमने जा रहा है



मृतक निखिल का फाइल फोटो।

- मामा के पास सैलून पर काम करता था निखिल

### विदेश जाना चाहता था

पिता ईश्वर ने बताया कि निखिल ढांड गांव में अपने मामा के पास सैलून पर काम करता था। कुछ ही दिनों में वह अमेरिका अपने चाचा के पास जाने वाला था। जिसकी वह तैयारी कर रहा था। 14 अप्रैल को वह दिल्ली जाकर आया था, लेकिन किसी को क्या पता था कि उसके साथ यह घटना घट जाएगी।

### मामले की हर पहलू से जांच की जा रही

थाना प्रभारी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# कनाड़ा भेजने के नाम पर युवती से ठगे साढ़े 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कनाडा भेजने के नाम पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उर्वशी ने 15 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप दिल्ली निवासी सुखप्रीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 17 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी उर्वशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नोयडा की एमएनसी कंपनी में नौकरी करती है। कंपनी के काम से वह दूसरे देशों में आती जाती रहती है। दूसरे देश जाने के लिए कंपनी द्वारा उसकी टिकेट दिल्ली के टिकट एजेंट राहुल से करवाई जाती है। जनवरी 2022 में वह राहुल से मिली। तब आरोपी राहुल ने उसे सलाह दी कि उसका दूसरे देशों में आना जाना लगा रहता है। इसलिए वह किसी अच्छे देश में अपना काम शुरू कर ले। तब राहुल ने उसे कहा कि उसका जानकार दिल्ली निवासी सुखप्रीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसका नई दिल्ली में राजेंद्रा पैलेस के छह फ्लोर पर एजूकेशन ब्रिज इमीग्रेशन के नाम से कार्यालय बनाया हुआ है। 18 मार्च 2022 को वह राहुल के साथ आरोपी सुखप्रीत से मिली।

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

### आरोपी ने अलग अलग कर रुपये लिए

आरोपी ने उसे वर्क वीजा पर कनेडा भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपी ने 20 लाख रुपये का खर्च बताया। इसके बाद आरोपी ने अलग अलग कर उससे 15 लाख 50 हजार रुपये ले लिए। मगर बाद में आरोपी ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से बातचीत की तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपी से पैसे वापस मांगे तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पॉलिसी के पैसे भेजने के नाम पर युवती से की ठगी

## पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग ने पॉलिसी के पैसे भेजने के नाम पर आजाद नगर कॉलोनी निवासी प्रतिभा कुमारी से 70 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने युवती के व्हाट्सएप पर 10 हजार रुपये व 50 हजार रुपये उसके अकाउंट में डालने के दो स्क्रीन शॉट भेजे। आरोपी ने युवती को उसके अकाउंट में गलती से पैसे डलने की बात कही और पैसे वापस उसके अकाउंट में डालने के लिए कहा। पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिभा कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच अक्तूबर 2023 को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह एलआईसी से बात कर रहा है। उसके पिता की पॉलिसी के पैसे आने है। वह आपके अकाउंट में ऑनलाइन पेमेंट डाल रहा है। इसके बाद आरोपी ने उसके व्हाट्सएप पर पहले 10 हजार रुपये व बाद में 50 हजार रुपये भेजने के दो स्क्रीनशॉट भेजे।

### ऐसे लगाया चूना

बाद में आरोपी ने उसे कहा कि उसने पांच हजार रुपेये भेजने थे मगर गलती से उसने 50 हजार भेज दिए हैं। वह पैसे उसे वापस भेज दे। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उससे 70 हजार अपने अकाउंट में डलवा लिए। जब उसे आरोपी पर शक हुआ तो उसने अपना अकाउंट चैक किया। जांच के दौरान उसे पता चला कि आरोपी ने उसके अकाउंट में पैसे नहीं डाले थे। आरोपी ने धोखे से उससे पैसे डलवाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## जनसभा

### कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगें

मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा

# भाजपा प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी : मनोहर

हरिभूमि न्यूज असन्ध

पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुटे । कार्यकर्ता लोगों से मोदी की गारंटी के नाम पर और काम पर वोट मांगें। वे आज सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में असंध कलस्टर की जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा , पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क व जिले राम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मंच का संचालन चुनाव सह प्रभारी गुरु बख्शीश सिंह लाडी ने किया। मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटें रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए जोश भरा और कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेगें। जनसभा में पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के सरपंचों , पूर्व सरपंचों ,शहर के पार्षदों व पूर्व पार्षदों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताया।





सालवन रोड स्थित जीएस फार्म में असंध कलस्टर की जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल का मंच पर स्वागत करते।

### ये रहे मौजूद

घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की बदौलत जनता तीसरी बार भाजपा को सत्ता में सौंपने का मन बना चुकी है।प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेन्द्र चौहान, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष भूपेन्द सिंह असंध, गुलाब मूनक ,सुमित नरवाल , सज्जन अत्री व बृजमोहन टक्कर ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस अवसर चुनाव प्रभारी यशपाल ठाकुर,जिला मीडिया कोआर्डिनेटर डॉ मिनाक्षी शर्मा ,जगदेव पाढ़ा ,प्रदीप गोयल , सुनीता अरडाना, डॉ बूटी राम , पूर्व सरपंच रोशन लाल चोचड़ा ,सुदामा चोचड़ा ,नपा चेयरमैन सतीश कटारिया, वाईस चेयरमैन राजेंद्र ढीगड़ा, पार्षद शक्ति भट्ट, ऋषि मूंडे , राजेंद्र भट्ट,पार्षद प्रतिनिधि जगदीश गर्ग , नरेंद्र छीन्ना ,हरीश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर ठग ने पति का दोस्त बनकर महिला से ठगे साढ़े 98 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठग ने उषा वाली गली जगाधरी निवासी ज्योति शर्मा से साढ़े 98 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने ज्योति को उसके पति का दोस्त बनकर बातों में उलझा लिया और उससे अलग-अलग करके साढ़े 98 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्योति शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। गत 25 फरवरी को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसके पति का दोस्त बोल रहा है। उसने उसके पति के 10 हजार रुपये देने हैं। उसके पति का गुगल पे अकाउंट नहीं चल रहा है। इसलिए उसके पति ने आपका फोन नंबर देकर 10 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा है। इसके बाद आरोपी ने उसे कहा कि उसने उसके अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर दिए हैं और उसका मैसेज चैक कर लो। उसने फोन करते करते आरोपी को पैसे आने का मैसेज बता दिया। इसके बाद आरोपी ने उसके पास 20 हजार रुपये भेजने का मैसेज भेजा। आरोपी ने उसे कहा कि 20 हजार रुपये उसके पास से गलती से सेंड हो गए हैं। वह पैसे उसे वापस कर दो।

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया केस दर्ज

### बातों में उलझा कर पैसे ऐंठ लिए

जब वह पैसे वापस करने लगी तो ग्गुगल पे से 20 हजार रुपये ट्रांसफर नहीं हो पाए। उसने आरोपी को कहा कि पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं तो आरोपी ने थोड़े थोड़े पैसे ट्रांसफर करने को कहा। इस प्रकार आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उसके पासे से अलग-अलग करके साढ़े 98 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब उसे आरोपी पर शक हुआ तो आरोपी ने फोन काट दिया। इसके बाद आरोपी को फोन नहीं लगा। उसने मामले की सूचना साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस चुनावों में उतारे पंजाबी उम्मीदवारः अरुण



**करनाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण पंजाबी ने दावा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पंजाबी उम्मीदवारों को उतारती हैं तो चुनावी माहौल एकदम से बदल जाएगा। दोनों की सीटें कांग्रेस पार्टी भारी मतों से विजयी होगी। उन्होंने पूर्व सीएम मनोहर लाल द्वारा झोली फैलाकर वोट मांगने की अपील पर तंज कसते हुए कहा कि अगर पूर्व सीएम ने करनालवासियों की भलाई के लिए काम किए होते हुए तो उन्हें झोली फैलाकर वोट मांगने की जरुरत नहीं पड़ती।

### मजदूरी करने गया मजदूर लापता

**इंद्री।** इंद्री के गांव गढ़ी जाटान में काम पर गया मजदूर लापता हो गया। इंद्री पुलिस में दी शिकायत में गांव बुढ़नपुर बांगर निवासी प्रशांत कुमार ने बताया कि उसके पिता मांगेराम 29 मार्च को गांव गढी जाटान मे मजदूरी करने के लिए गए थे लेकिन उसके बाद वापस नहीं आए। उन्होंने बताया कि सभी जगह पर उसकी तलाश कर ली है लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### मकान से अज्ञात चोरों ने किए बिजली के तार चोरी

**इंद्री।** इंद्री के गांव मटक माजरी के पास एक कॉलोनी में बन रहे निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोरों ने बिजली के तार चोरी कर लिए। मकान मालिक संजय कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह मटक माजरी के पास एक कॉलोनी में अपना नया मकान बना रहा है मकान बनाने के लिए उसने अपने मकान में बिजली की फिटिंग के लिए तारें डलवाई हुई थी देर रात अज्ञात चोरों ने उसके मकान में घुस कर बिजली की तारे चोरी की ली।

### पोस्टर, बैनर तथा होर्डिंग के स्थल किए चिन्हित

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 मई 2024 को लोकसभा के आम चुनाव होने निश्चित हुए है। जिसके मद्देनजर करनाल लोकसभा की हर विधानसभा क्षेत्र में सभी राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी पोस्टर व बैनर तथा होर्डिंग लगाने हेतू जगह चिन्हित की गई है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीसी कर दिए आवश्यक निर्देश

# चुनावी प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर

चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए आचार संहिता का करें पालन




हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ समीक्षा की और उनकों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने-अपने जिलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के लिए टीम का गठन किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने करीब 18 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की, इनमें मुख्यः सोशल मीडिया पर निगरानी कमेटी का गठन करने, फार्म न0 6 व 8 के निपटारे बारे, विधानसभा अनुसार पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग, चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारी व कर्मचारियों की सूची भिजवाने बारे, पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए आरओ व एआरओ स्तर पर सुविधा केंद्र की स्थापना, जिला संचार योजना तैयार करने, मतगणना केंद्रों की स्थापना की अपडेट रिपोर्ट भिजवाने तथा मतदान केंद्रों के भवनों का शत प्रतिशत फिजिकल वैरिफिकेशन का प्रमाण पत्र भिजवाने इत्यादि विषय शामिल रहें।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इंद्री मे किया जनसभा को संबोधित

**इंद्री।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने मंगलवार को इंद्री के रामलीला ग्राउंड मे एक जनसभा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास संकल्प को लेकर काम कर रही है। लोकसभा का यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मनोहर लाल का जनसभा में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश कि भलाई के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार की योजनाएं बनाई है, ऐसा विचार कभी किसी के मन में नहीं आया था। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आज देश के करोड़ों लोगों का भला हो रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भलाई और उनके भविष्य को बेहतर बनाना हमेशा से ही भाजपा का प्रयास रहा है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। किसानों के हित में अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है और मोदी की गारंटी के तहत सब काम पूरा करने का सरकार भरोसा दिलाती है। जनता के विश्वास पर सरकार खरा उतरती आई है और भविष्य में भी जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी।



इंद्री। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत करते महाराजा अग्रसेन सभा सदस्य।

इस अवसर पर इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, जगमोहन आनंद, प्रदीप चौधरी, प्रवेश सोहन सिंह राणा, धर्मपाल शांडिल्य, पंकज कांबोज, शिवानी गोयल, ईलम सिंह, रघुबीर बतान, विजयपाल, महेंद्र पाल तोमर व अमनदीप विर्क सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# स्लोगन आमना को प्रथम स्थान

- विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री मे स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, मतदाता जागरूकता समिति व वाणिज्य विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ विकास अत्री के नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, मतदाता जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत, प्रदूषण मुक्त भारत विषय पर पोस्टर व स्लोगन लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। डॉ मंजू मलिक ने विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास करने में मदद करेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ मंजू मलिक व वाणिज्य विभाग समिति प्रभारी डॉ पूजा की देख रेख में किया गया। मंच संचालन डॉ प्रदीप द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ पूजा, डॉ निर्मल, डॉ डिंपल व डॉ प्रदीप ने निभाई। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आमना ने प्रथम, भावना ने द्वितीय व प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## माता मनसा देवी मंदिर इंद्री में धूमधाम से मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा सभा प्रधान पवन सिंगला की अध्यक्षता में महामाई मनसा देवी मंदिर इंद्री में दुर्गा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कस्बा वासियों के साथ साथ क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर महामाई मनसा देवी के दरबार मे मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी मोहित शर्मा ने हवन यज्ञ करवाया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा का हर पर्व को पहले से अच्छे तरीके से मनाने का प्रयास रहता है। इस कार्यक्रम में मंदिर सुधार सभा सदस्यों व कस्बा वासियों का अहम योगदान रहा।

### शहत गिल अपना पंजाबी ट्रैक हुलारे लांच किया

**करनाल।** उभरती हुई पॉप आईकन, शहत गिल अपना उत्साहवर्धक पंजाबी ट्रैक हुलारे लेकर आई हैं। उन्होंने बहुत ही सुगमता से प्रभावशाली लिरिक्स को आकर्षक बीट्स के साथ मिश्रित कर ऐसा बेहतरीन ट्रैक बनाया है, जिसमें आत्मविश्वास के साथ स्टाईल झलक रहा है। उनका पहला गीत 'पागल ए' फीट पैंथर पिछले साल जून में रिलीज़ किया गया था, जिसे उत्तर भारत के लोगों ने बहुत पसंद किया। लिरिसिस्ट तरनजीत सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फ कप्तान ने इस गीत के हर नोट में अपना पूरा अनुभव और रचनात्मकता डाल दिए हैं। इस डायनामिक ट्रैक के साथ शहत गिल ने म्यूज़कि वीडियो में अपना आत्मविश्वास और आकर्षण पूरे वैभव के साथ पेश करके बहुत ही सुंदर दृश्य निर्मित किए हैं।

# कथा में बताई श्रीराम की मर्यादा

- जहां राम कथा होती है, वहां स्वयं भगवान विराजमान होते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री मे स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

श्री राम मंदिर सेक्टर आठ आयोजित की जा रही श्री राम कथा के सातवें दिन साध्वी दीपमाला जी ने कहा कि जहां राम कथा होती है, वहां स्वयं भगवान विराजमान होते हैं। कथा सुनने और सुनाने वाले के हृदय में प्रभु स्वयं निवास करते हैं और तभी यह कथा संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि राम का नाम तो स्वयं ही आनंद है। वह ईर्ष्या से बहुत दूर हैं। जिसने राम को समझ लिया वह स्वयं राम का प्रतिबिंब बन जाता है जैसे चकोर पक्षी चंद्रमा को एक टक निहारता है, इस तरह मनुष्य को राम को एक एकदम एकाग्र होकर नजर से अपने हृदय में बसाना चाहिए। हमारे बिना प्रभु सब कुछ है और हम उनके बिना कुछ भी नहीं है। मुख्य यजमान के रूप में कृष्ण लाल तनेजा, अनिल ग्रोवर, पूनम ग्रोवर, कर्ण ग्रोवर, कर्ण ग्रोवर व लविश ग्रोवर ने शिरकत की। इस अवसर पर रमेश शर्मा, शीशपाल शर्मा, राधे श्याम, विमला शर्मा, संतोष शर्मा, विजया शर्मा, डा. के.एल. डांग, जगन बत्रा, अशोक मदान, रविंद्र तनेजा, नरेश तनेजा, ऊषा बत्रा, सरोज दुआ, कृष्ण लाल मुखीजा, राजेश चंद्र आर्य, पवन धमीजा, शाम धमीजा आदि रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया राम नवमी का पर्व

- श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी




तरावड़ी। कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के बच्चे व स्टाफ।

प्रताप पब्लिक स्कूल में भगवान राम के जन्म का जश्न बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस उत्सव का उद्देश्य छात्रों के बीच सांस्कृतिक मूल्यों और धार्मिक सद्भावना को बढ़ावा देना था। दिन की शुरुआत विशेष प्रातः प्रार्थना सभा से हुई ,जहां छात्रों ने भगवान राम को समर्पित प्रार्थना और भजन गए। छात्र-छात्राओं ने भक्ति गीत व चौपाई के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रामनवमी का उत्सव छात्रों के लिए भारतीय संस्कृति पुरानी कथाओं और भगवान राम द्वारा बनाए गए मूल्य के बारे में जानने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, इसमें छात्रों के बीच एकता, सम्मान और श्रद्धा की भावना को बढ़ावा देना है। भगवान राम की शिक्षा एक सदाचारी और पूर्ण जीवन के लिए प्रेरित और मार्गदर्शन करवाती हैं। स्कूल प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने बच्चों को रामनवमी के बारे में बताते हुए कहा भगवान राम के मानवीय और दिव्य दोनों रूपों को प्रकट करने का प्रतीक है। जिसे भारत देश में विशेषकर उत्तर भारत के पवित्र शहर अयोध्या में गहरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।

स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी ने बच्चों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा राम नवमी तृतीय युद्ध के दौरान अयोध्या में श्रीराम चंद्र के प्रकट होने की याद में मनाए जाने वाला एक हिन्दू त्योहार हैं। श्री राम जिन्होंने संस्कृति ,वीरता ,सिद्धांत, नैतिकता ,विनम्रता और त्याग का उदाहरण दिया है। स्कूल चेयरपर्सन श्रीमान हन्नी चौधरी जी ने बच्चों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन श्री राम जी का गुणगान करके किया गया।

# औचक निरीक्षण में फाइलें की चैक

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग चेयरपर्सन ने किया अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री मे स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग कि चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने गत दिवस करनाल में सरदान्नद आश्रम में औचक निरीक्षण किया। और निरीक्षण के दौरान फाईलों को चैक किया और फाईलों में कोई खामियां नहीं मिली और फाईलों को ध्यान पुर्वक ठीक प्रकार से तैयार किया हुआ था और आश्रम में रह रहे बालक-बालिकाओं से सीधी बात चीत करते हुऐ लिया स्थिति का जायजा लिया और उन्होंने आश्रम में बच्चों के विश्राम कक्ष, रसोई कक्ष, बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता देखी, आश्रम में रह रही लड़कियों में दो लड़कियों की सरकारी जोब लगने पर चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने मिठाईयां खिलाकर उन का होंसला बढाया हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग कि चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने कहा कि बाल अधिकारों का संरक्षण करना आयोग की प्राथमिकता है इसके लिए विशेष रुप से आयोग गठित किया गया है जो इस दिशा में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्यरत हैं।

# श्रीराम कथा में भजनों पर झूमे श्रीराम भक्त

- श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭नीलोखेड़ी

श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के छटे दिन की कथा ब्यास हरिहर मुद्गल जी महाराज ने भगवान राम ने जीवन में कोई चमत्कार नहीं करके दिखाए बल्कि मानव रुप में प्रगट होकर अपने जीवन काल के पग पग पर जो आदर्श स्थापित किए हैं वह अनंतकाल से लेकर आज भी हरेक के लिए जीवनोपयोगी है।उन्होंने कहा कि राम ने प्रतिकूल परिस्थिति में भी जिस धैर्य, शौर्य व पुरुषार्थ का परिचय दिया है विशेषकर वर्तमान में आपाधापी के काल में मानवजाति के लिए तो एक मिसाल है।उन्होने आज भरत चरित्र को बड़े ही प्रभावित ढंग से प्रस्तुत किया ।उन्होंने कहा भरत भ्रात प्रेम तो वंदनीय है साथ ही भरत ने जिस गुनाह को किया ही नहीं उसके लिए भी वह पश्चाताप से ग्रस्त हो स्वयं को दोषी मानता है।उन्होंने कहा कि जहां दुर्योधन जैसी लोभ की वृत्ति होती है ओर जहां भरत जैसी त्याग की जहां वृत्ति हो वहां रामायण होती है वहीं अयोध्या होती है। सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने अपने संबोधन में बताया कि कल श्रीराम नवमी महापर्व पर विशाल भण्डारे के साथ कथा महोत्सव का समापन होगा।

# दुर्गा अष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

- शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह किया पुष्प

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

दुर्गा अष्टमी के पर्व पर शहर में श्री रामलीला कमेटी की ओर से एक् शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मनमोहक झाँकिया दर्शाई गई। बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा का शहर में भव्य स्वागत हुआ। माँ बालासुंदरी के मंदिर में पंखा चढ़ाया गया। जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया ओर पुष्प वर्षा हुई। दुर्गा अष्टमी के पर्व पर सुबह चार बजे से माता रानी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी थी। लगभग 12 बजे तक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन और मनोकामनाएं मांगी। दोपहर बाद शहर के घासीराम ट्रस्ट ग्राउंड से एक शोभा यात्रा शुभारम्भ किया गया। शोभा यात्रा का शुभारम्भ समाजसेवी आरडी कल्याण ने किया।धूम सिंह राणा,मोहित राणा अन्य समाजसेवी का कमेटी प्रधान मुनीष गुप्ता ने पटका पहनाकर स्वागत किया।बाद में शोभायात्रा रेलवे रोड मंडी मनीराम मुख्य बाजार, भीष्म मार्ग से होती हुई देवी मंदिर पहुंची। देवी मंदिर माता रानी को समाजसेवी लाला सोहनलाल गुप्ता, अग्रवाल सभा के प्रधान सतीश गोयल सहित, नपा चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, संजय खंची रहे।



करनाल। पंखे की परिक्रमा कराने के लिए ले जाते नपा चेयरमैन व अन्य गणमान्य लोग।

## पार्टी की ओर से भेजे जा रहे कुछ समाचारों में भी भूलवश लिखा जा रहा मुख्यमंत्री

# करनाल में आज भी मुख्यमंत्री हैं मनोहर लाल खट्टर

प्रेम नगर स्थित उनके आवास के बाहर लगा बोर्ड आज भी इस बात को प्रमाणित करता की वह आज भी मुख्यमंत्री हैं

धर्मेंद्र खुराना ⏭करनाल

करनाल से लोकसभा प्रत्याशी व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज भी करनाल में मुख्यमंत्री हैं। प्रेम नगर स्थित उनके आवास के बाहर लगा बोर्ड आज भी इस बात को प्रमाणित करता है भले ही उनके आवास पर लगी नेम प्लेट पर उनके नाम के आगे पूर्व लिख दिया हो लेकिन बाहर लगे बोर्ड पर अभी तक वह मुख्यमंत्री ही बने हुए हैं। इतना ही नहीं पार्टी की ओर से भेजे जा रहे हैं समाचारों में भी अभी कई जगह पर मनोहर लाल को भूलवश मुख्यमंत्री लिखा जा रहा है। भले ही पार्टी ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बना दिया हो लेकिन उनके लाव लश्कर को देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि वह पूर्व मुख्यमंत्री हैं शायद यही वजह है की कार्यकर्ताओं के जहन में भी अभी वह मुख्यमंत्री के रूप में बैठे हुए हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है की लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सेक्टर 6 में किराए का मकान लिया है जहां से वह पूरे चुनाव प्रचार की बागडोर संभाले हुए हैं। सभी कार्यकर्ताओं और मिलने जुलने वालों का भी यही आना-जाना होता है। इससे पहले जब वह पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तब प्रेम नगर में उन्होंने किराए का मकान लिया था उसके बाद दूसरे टर्म में प्रेम नगर स्थित 719 नंबर मकान को खरीदकर पार्टी कार्यालय बनाया गया बाद में इसे मुख्यमंत्री का सरकारी आवास बना दिया जहां लोगों की समस्याएं सुनी जाती थी। अब जब वह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है उसके बावजूद भी उनके प्रेम नगर स्थित आवास पर मुख्यमंत्री का ही बोर्ड लगा हुआ है। बता दें कि बीती 12 मार्च को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और अगले दिन यानी 13 मार्च को विधानसभा सदस्यता भी त्याग दी थी और करनाल विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए खाली कर दी थी जहां से भाजपा कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी को मुख्यमंत्री घोषित करते हुए करनाल सीट से उम्मीदवार बना दिया। अब उन्हें मुख्यमंत्री बने रहने के लिए यह उपचुनाव जीतना जरूरी है। हालांकि करनाल में उन्होंने अपने विधानसभा चुनाव के कार्यालय का उद्घाटन कर दिया है लेकिन उनका सरकारी आवास कौन सा होगा यह अभी तय नहीं हो पाया है।




### वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान

**करनाल।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई वोटर इन क्यू एप के माध्यम से चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी ली जा सकेगी। एप पर जानकारी लेकर मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकेंगे। ऐसे में इस एप से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है। आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने

**सार्वजनिक सूचना**

इस कार्यालय में परमजीत कौर पुत्री स्व अमरीक सिंह निवासी करण विहार करनाल ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में प्रार्थना पत्र दिया है कि प्रार्थी की जायदाद प्रोप्टी/आईडी 7MJLWJ05 मकान नं. जी-10 स्टेशन ऐरिया नीलोखेड़ी स्थित प्रोप्टी/आईडी को उपरोक्त वारिसान अपने नाम करवाना चाहती है। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर 2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोप्टी आईडी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका नीलोखेड़ी।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता कैंप का किया आयोजन

**पानीपत।** राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस सप्ताह के अंतर्गत पानीपत दमकल विभाग द्वारा आर्य आदर्श स्कूल न्यू दीवान नगर, कैनाल कैंप में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। वहीं फायर ब्रिगेड विभाग के कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को आग लगने के कारण, आग से बचाव के उपाय व अन्य सावधानियों के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए आग बुझाने का प्रायोगिक कार्य भी करवाया गया।

### 66 बहादुर कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग से निपटने में अपनी जान गंवाने वाले 66 बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया। इसी के साथ ही पीआरपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत एम एल डहरिया कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, मुख्य. महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, आईओओए, आईपीआरईयू, सीआईएसएफ के प्रतिनिधियों तथा अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के मुख्य फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवाओं के झंडे को आधा झुकाया गया।

### मां चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर की मां की पूजा

**पानीपत।** शहर के शांति नगर स्थित मां चिंतपूर्णी मंदिर चैत्र नवरात्र के मौके पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य व पानीपत ब्राह्मण परिवार के प्रधान पंडित देव नारायण उपाध्याय द्वारा चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा की शक्तियों की पूजा अर्चना की गई। मंदिर की माता ईश्वर देवी के सानिध्य में यह पूजा अर्चना संपन्न की गई। पूजा अर्चना के साथ ही कलश स्थापना की गई।

### श्री राम सेवा दल ने मनाया रामनवमी महोत्सव

**पानीपत।** बरसत रोड नूर्रवाला स्थित श्री राम धर्मशाला में श्री राम सेवा दल द्वारा 27वां श्री रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ झंडा रोहण करके किया गया। जिसमें झंडा की रस्म राम भक्त श्याम सुंदर ग्रोवर द्वारा की गई। वही श्री रामायण का पाठ का शुभारंभ स्वर्गीय श्री राम भजन इसपुनानी एवं स्वर्गीय आज्ञावंती इशपुनानी के दामाद एवं सुपुत्रियों के कर कमलों द्वारा किया गया।

### दुर्गा मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर्व मनाया

**समालखा।** मराठाकालीन सिद्धपीठ दुर्गा मंदिर में महागौरी की उपासना कर दुर्गा अष्टमी पर्व मनाया गया। माता मंदिर के मुख्य पुजारी सुभाष पंडित ने कहा कि चैत्र नवरात्रों के साथ ही सम्वत बदल जाती है यानि हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ हो जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में मां दुर्गा के नौ स्वरूप की पूजा की जाती है। पंडित सुभाष ने कहा कि इस दिन लोग अष्टमी की कड़ाही करते हैं ओर कन्याओं का पूजन करते हैं क्योंकि कन्या को देवी का रूप माना गया है।

### तान्या ने 414 अंक प्राप्त कर कुवि की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# एसडी कालेज की एमएससी फिजिक्स की पांच छात्राएं मेरिट लिस्ट में छाई

**एसडी पीजी कालेज कुरुक्षेत्र विश्वविधालय से बाहर एमएससी भौतिकी को शुरू करने वाला प्रथम कालेज है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कालेज की एमएससी फिजिक्स की केयूके की मेरिट लिस्ट में आई छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा। फोटो : हरिभूमि

एसडी पीजी कालेज की पांच प्रतिभाशाली छात्राओं ने केयूके क्षेत्र की एमएससी फिजिक्स ,भौतिकी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में रिजल्ट प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में न सिर्फ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर कब्जा किया बल्कि टॉप दस मेरिट लिस्ट में कालेज की पांच छात्राओं ने अपनी जगह बनाई। जहां तान्या चावला ने 414 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले व कालेज का मान बढ़ाया वहीं दूसरे विद्यार्थियों को प्रेरणा दी। वहीं शीतल ने 355 अंक के साथ तीसरा, दिव्या ने 352 अंक के साथ चौथा, साक्षी ने 347 अंक के साथ पांचवां व काजल ने 345 अंक के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी कालेज प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद दी।

उनके साथ भौतिकी स्नातकोत्तर विभाग से डा. रेणु गुप्ता, डा. बिंदु रानी, प्रो. साक्षी, प्रो. दिव्या, प्रो. सपना व प्रो. श्वेता ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। विदित रहे कि एसडी पीजी कालेज विश्वविधालय से बाहर एमएससी भौतिकी विषय को 2014 में शुरू कर पढ़ाने वाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रथम कालेज है। इस पाठ्यक्रम के प्रारम्भ होने के बाद से एमएससी भौतिकी के कितने ही विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी मेरिट लिस्ट में स्थान पाया है। इस पाठ्यक्रम के कितने ही विद्यार्थी यूजीसी नेट एवं अन्य परीक्षाओं, ऑटोमोबाइल्स, एविएशन, रिमोट सेंसिंग और कम्युनिकेशन सेक्टर में सफलता प्राप्त करके उच्च स्थानाओं को सुशोभित कर रहे है। दिनेश गोयल प्रधान ने कहा कि तान्या चावला, शीतल, दिव्या रानी, साक्षी व काजल ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के नारे को प्रासंगिक कर दिखाया है।

पांचों छात्राओं ने जो मिसाल कायम की है वह दूसरे विद्यार्थियो के लिए एक नजीर बनेगी। एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी अपने हर विद्यार्थी के उज्जवल भविष्य को लेकर पूरी तरह दृढसंकल्प है। उन्होनें कहा कि आज के प्रतियोगी युग में सफल होने के लिए वृहद् एवं व्यावहारिक ज्ञान का होना बहुत जरुरी है।

डा. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कॉलेज में एमएससी फिजिक्स कोर्स को शुरू करवाने के लिए कॉलेज प्रबंधकारिणी ने अथक प्रयास किये है और एमएससी फिजिक्स के विद्यार्थियों ने भी कॉलेज को बिलकुल भी निराश नहीं किया है और प्रत्येक सेमेस्टर में सदैव अच्छा प्रदर्शन किया है।

डा. रेणु गुप्ता विभागाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जहाँ एक तरफ प्रोफेसर या टीचर बनकर दूसरों को भी विज्ञान के प्रति जागरूक कर सकते हैं तो दूसरी तरफ रिसर्चर बनकर ब्रह्मांड और देश दुनिया के अनसुलझे रहस्यों की गुत्थियां भी सुलझा सकते हैं। पांचों छात्राओं ने अपनी कामयाबी का सेहरा अपने माता-पिता, कालेज प्रबंधकारिणी, प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा व प्राध्यापकों डा.रेणु गुप्ता, बिंदु रानी, प्रो. साक्षी, प्रो. दिव्या, प्रो. सपना व प्रो. श्वेता को दिया।

# एचसीएस अधिकारी का यूपीएससी में 115वां रैंक

### 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था

- पिता के कहने पर नौकरी छोड़कर शुरू की थी तैयारी, फिलहाल गुरुग्राम में ट्रेनिंग पर हैं जसवंत



जसवंत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के पानीपत में शांति नगर निवासी जसवंत सिंह ने यूपीएसी के सफ ल अभ्यार्थियों में नंबर हासिल कर लिया है। जसवंत की मेन्स एग्जाम में 115वां रैंक आई है। हालांकि पिछली बार ही जसवंत, हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा पास कर एचसीएस अधिकारी बने हैं। वे मूल रूप से जिले के सींक गांव के रहने वाले हैं। पिता सुरजीत मलिक राजकीय सीसे स्कूल सिठाना में हिंदी के प्रवक्ता हैं जबकि मां कृष्णा देवी गृहिणी हैं।

#### लक्ष्य हमेशा से ही आईएएस बनना रहा

जसवंत का लक्ष्य हमेशा से ही आईएएस बनना रहा है। उन्हें इस परीक्षा के परिणाम का हमेशा इंतजार था। पिता सुरजीत मलिक ने बताया कि बड़ा बेटा खुशवंत मलिक जिला कोर्ट में वकील हैं और बेटी नीरज ने फिजिक्स में एमएससी की थी। वह शादीशुदा है। तीसरा बेटा जसवंत शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रहा है। उन्होंने बेटे को बड़ा अधिकारी बनाने की सोच के साथ बसंत कुंज दिल्ली स्थित डीपीएस स्कूल में पढ़ाया। उन्होंने 12वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। दिल्ली स्थित किरोड़ीमल कॉलेज से बीएससी मैथ ऑनर्स से स्नातक की डिग्री की। टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस हैदराबाद से मास्टर डिग्री की। उन्होंने आंध्र प्रदेश में दो साल नौकरी की।

उन्होंने उसे घर से इतनी दूर नौकरी करने के बजाय यूपीएससी की तैयारी करने की सलाह दी। फिर उन्होंने दिल्ली में रहकर यूपीएसपी की तैयारी की। वह यूपीएससी और एचसीएस की प्री. परीक्षा कई बार पास कर चुके हैं। जसवंत मलिक ने बताया कि वह इंडियन फॉरेस्ट सर्विस की तैयारी कर रहा है।

### श्री शिव मन्दिर में रामनवमी महोत्सव आज

**पानीपत।** श्री रामनवमी के उपलक्ष में इंदिरा विहार कॉलोनी वार्ड नं-2 स्थित श्री शिव मंदिर के प्रांगण में आज 17 अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः 8 बजे हवन-यज्ञ किया जायेगा। जिसमें श्री राधा कृष्ण गौशाला समिति के प्रधान राजीव जैन मुख्य अतिथि रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं उद्योगपति दिनेश खुराना पधारेगें। वहीं सम्मानित अतिथि के रूप में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल एवं दयानंद मित्तल मौजूद रहेंगे। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। श्री शिव सेवा समिति के पदाधिकारियों सभी कालोनीवासियों से अपील की है कि हवन यज्ञ में भाग लेकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें।



### आर्य कालेज में नेचर एंड वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वनस्पति शास्त्र परिषद द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की नेचर एंड वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस तरह का यह तीसरा आयोजन था। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियों से विद्यार्थियों को पेड़ पौधों और प्रकृति को समझने में मदद मिलती है। पेड़ पौधों के बारे में विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां भी दूर होती हैं। प्रदर्शनी में देश-विदेश के एक दर्जन से अधिक प्रसिद्ध वन्य जीव छायाकारों ने भाग लिया। प्रदर्शनी को देखने के लिए सुबह से ही विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए पेड़ पौधों के चित्रों के बारे में वनस्पति शास्त्र विभाग के प्राध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के छात्र हर वर्ष देश की अलग-अलग जगह पर शैक्षिक भ्रमण के लिए जाते हैं और वहां से कुछ दुर्लभ पेड़ पौधों के चित्र लेते हैं। प्रदर्शनी के बारे में विभाग अध्यक्ष डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण हिमालय में पाए जाने ऑर्किड्स, मेडिसिनल प्लांट और इन्सेक्टीवोरोस प्लांट, कट बक्शी पौधे थे।

# भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टीः मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। करनाल लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चुनावी जनसभा में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत करनाल लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पानीपत भाजपा कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वर्तमान चुनावी माहौल के बारे में विस्तार से जानकारी ली और कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। वहीं उनके साथ करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक एवं घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण, सहप्रभारी गजेन्द्र सलूजा, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर, विजय जैन, रविन्द्र भाटिया, सुनील सोनी, कृष्ण छोक्कर, रोशन लाल माहला, भाजपा विस्तारक कश्मीर खासा, मंडल अध्यक्ष विजय सहगल, वीरेंद्र तनेजा, राजेश भारद्वाज, नीरज सिंगला, हरीश कटारिया, प्राण रत्नाकर, जयदेव नौल्था, सत्यवान शेरा समेत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मनोहर लाल का स्वागत किया। करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है इसमें जातिवाद व परिवारवाद को महत्त्व नहीं दिया जाता। भाजपा में पार्टी के प्रति श्रद्धा और समर्पण रखने वाले कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है इसी नियम पर चलते हुए पार्टी हाई कमान ने नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया लेकिन मुख्यमंत्री के बदलने से भाजपा की नीतियां और विकास कार्यक्रम नहीं बदलते भाजपा हाई कमान के निर्देशों के अनुसार ही सभी कार्य किए जाते हैं।

### मतदाता शपथ को लेकर एडीसी ने ली बैठक

**पानीपत।** एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ पंकज यादव ने शुक्रवार को आयोजित की जाने वाली मतदाता शपथ से संबंधित बैठक में मंगलवार को अपने कार्यालय में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान को गंभीरता से लें।

उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान को शिक्षण संस्थानों के छात्रों के अलावा अन्य वर्गों के लोगों का भी काफी समर्थन मिल रहा है। निजी व सरकारी प्रतिष्ठानों में मतदाता शपथ कार्यक्रम, जागरूकता रैली, पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आदि का आयोजन करवाया जा रहा है।

उन्होंने सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा को कहा कि जिला की सभी पीएचसी और सीएचसी में भी 19 अप्रैल को प्रात 11:30 बजे मतदाता शपथ करवाई जाए।

# चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल में मनाई अष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में दुर्गा अष्टमी व रामनवमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत, भाषण, कविताएं, गीत ,नृत्य आदि प्रस्तुत किए। तदुपरांत इंटर हाउस सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक सदन के 15-15 बच्चे शामील हुए। साथ ही खेल शिक्षक विकास व सुरेंद्र की देखरेख में इंटर हाउस पतंग उड़ाओ व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चौथी से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने शिरकत की । मंच संचालन हैंड गर्ल कृतिका व एक्टिविटी कैप्टन लक्षिका द्वारा किया गया । नृत्य प्रतियोगिता के लिए नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल की भूमिका चारों सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई। पतंग उड़ाओ व कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लोटस, द्वितीय स्थान डेजी व तृतीय स्थान सनफ्लावर ने प्राप्त किया।

# निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा दिवस पर अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें व राष्ट्र निर्माण में योगदान दें पर निबंध व पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 95 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय प्राचार्य मनीष घनगस ने सम्मानित किया। प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्धेश्य छात्रों को जागरूक करना है। शहरी क्षेत्रों में हर साल आग लगने की घटनाओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत में अग्नि सुरक्षा एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। लगातार हो रही आग लगने की बड़ी घटनाएं भारत की निर्माण श्रृंखला के लिए एक गंभीर खतरा बनती जा रही है। शहरों में हर साल आग लगने की कई घटनाएं होती है जिनमें कई लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन इतना ही नहीं आग लगने की इन घटनाओं से बड़ी मात्रा में संपत्ति जलकर नष्ट हो जाती है। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। हमें यह चाहिए कि हम सचेत रहकर कार्य करें तथा अग्नि सुरक्षा हेतु यंत्रों को भी अपने घरों, स्कूलों इत्यादि में लगवा लेना चाहिए।



### मनोहर लाल को जीताकर पीएम मोदी के हाथ मजबूत करें: विजय जैन

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण हलके के भाजपा नेता एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत वधावा राम कॉलोनी, गामा चौक, पत्थर वाला कुआं, परशुराम कॉलोनी व विजय नगर वार्ड नं.5 में जनसंपर्क साध करके लोगों से भाजपा के उम्मीदवार मनोहर लाल को वोट देने की अपील की। सभा का मंच संचालन डॉ. पंकज कुमार ने किया। कालोनीवासियों ने बुके व फूल मालाओं से विजय जैन का स्वागत किया। जैन ने कालोनीवासियों को सम्बोंधित करते लोगों से अपील की है कि वह 25 मई को भाजपा करनाल लोकसभा के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी बहुमत से वोट देकर विजयी बनाना है। इस अवसर पर डा. बंसीलाल शर्मा, डा. सतबीर खरब,डा. शिव शक्ति शर्मा,कालू भिखारी, अशोक शर्मा, मनीष कुमार, ललित पंवार, संजीव कुमार वर्मा ,शेर सिंह वर्मा, कृष्ण प्रसाद तिवारी, चरणजीत सिंह, सियाराम, रमेश शर्मा, अंकित शर्मा,रवि राणा,बॉबी कपूर,पारस शर्मा, मनोज शर्मा, कप्तान धीमान, विकास वाल्मीकि, सनी बेदी, बलदेव अरोड़ा हनुमान, अनिकेत पांडे आदि मौजूद रहे।

### मनोहर लाल इस बार जीत कर पानीपत जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे: कृष्ण लाल पंवार

**मतलौडा पहुंचने पर पूर्व सीएम का किया स्वागत**

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की तरफ बढ़ता महत्वपूर्ण कदमः मनोहर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। करनाल लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए।

जिला के कस्बा मतलौडा में मंगलवार को करनाल लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मतलौडा पहुँचने पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, करनाल लोकसभा के सह प्रभारी गजेन्द्र सलूजा, रोशन लाल माहला, कृष्ण छोक्कर व पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना ने स्वागत किया। सभा को सांसद कृष्ण लाल पंवार, लोकसभा संयोजक हरविन्द्र कल्याण व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगभग 500 वर्षो से विवादित मामले को सुलझवा कर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटवाई। गत 10 वर्षो में देश में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाया और किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिलवाया और गरीब जनता को उसके हक का पैसा ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में डलवाया। हरियाणा सरकार ने भी प्रदेश में 1 लाख 40 हजार युवाओं को बिना किसी खर्ची-पर्ची के उनकी प्रतिभा अनुसार सरकारी और अर्ध सरकारी नौकरियां दिलवाई। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा के 8 लोकसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुका हूं और शीघ्र ही सोनीपत और अंबाला का दौरा भी करूंगा लेकिन जिस प्रकार लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे यह बात दावे के साथ कहीं जा सकती है कि इस बार भी बीजेपी हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। हरियाणा में लोकसभा की 10 सीट और एक करनाल विधानसभा सीट का भी उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी चार स्तंभों पर टिकी हुई है। इनमें भारत की युवा शक्ति और महिला शक्ति, प्रगतिशील किसान शक्ति और मजदूर शक्ति शामिल है। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह करनाल लोकसभा के मतदाताओं का सौभाग्य है कि यहाँ से संत स्वभाव के धनी, ईमानदार, कर्मठ नेता पूर्व सीएम मनोहर लाल को भाजपा का उम्मीद्वार बनाया गया है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे 17 अप्रैल को शाम 5 बजे गांव सिवाह में उममीदवार मनोहर लाल की जनसभा में बढ़.चढक़र भाग लें।



# एमएएसडी स्कूल में श्री रामनवमी उत्सव मनाया

**पानीपत।** स्थानीय एमएएसडी पब्लिक स्कूल में श्री रामनवमी उत्सव पर एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज मधुसूदन सदन के छात्रों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर छात्रों ने कविता एवं अपने विचारों द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के छात्रों ने सामूहिक गीत के माध्यम से प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव की सभी को बधाइयां दीं। प्रभु श्रीराम का नामजप ही इस कलयुग में हम सभी का उद्धार करने वाला है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. बबीता भारद्वाज ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर जन्मोत्सव की बधाई दी। मंच संचालन श्रेष्ठी श्रीवास्तव एवं रूपांशी ने किया।

### हवन से वातावरण शुद्ध होता है : प्रो. इरा गर्ग

पानीपत। आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा अष्टमी के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो. अंजली ने विधि विधान से हवन का शुभारम्भ मंत्रो उच्चारण के द्वारा किया। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने बताया कि कालेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हमारे विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिलवाया जाए।

**सूचना**

मैं, सन्दीप कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी मकान नं. 5, हरि बाग कालोनी, नजदीक लक्ष्मी नारायण मन्दिर, असंध रोड, पानीपत तहसील व जिला पानीपत बयान करता हूं कि मैं अपनी पत्नी पूजा गुप्ता तथा दो पुत्रियों ईनाया गिरधर व टियारा गिरधर के साथ सोहार शहर ओमान में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में जीवनयापन कर रहा हूं। मेरा भाई शेन्की भी अपनी पत्नी रितु सहित इसी शहर में रहता है। किन्तु मेरा उससे अब किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और हम आपसी सहमति व सद्भाव से अलग रह रहे हैं और दोनों को पारिवारिक, सामाजिक व कानूनी देनदारी अलग-अलग है। जिसके लिए हम व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार हैं।

## खबर संक्षेप

### अफीम तस्करी में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार को शामिल जांच किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी सागर उर्फ शेखर ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि संदीप कुमार भी इस मामलें में संलिप्त है। 6 मार्च 2024 को पुलिस ने जनसुई पेट्रोल के पास 160 ग्राम अफीम के साथ आरोपी शेखर को काबू किया था। तब आरोपी ने संदीप के भी जुर्म में शामिल होने की बात कही थी।

### पुलिस ने वांछित आरोपी का किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी साबर अली को पुलिस ने काबू किया है। आरोपी को अदालत ने पीओ घोषित किया था। इसके बाद उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। आरोपी अपने खिलाफ पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे काबू किया गया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

### सरकारी कार्य बाधित करने वाला शामिल जांच

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार को शामिल जांच किया है।
इस मामले में एसडीओ विद्युत विभाग ने 5 अप्रैल 2024 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी प्रदीप कुमार व अन्य ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों से हाथापाई कर सरकारी कार्य को बाधित करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रमजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। परिवादी वीरहंस ने 14 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव डुलियानी के पास आरोपी डंपर चालक ने लापरवाही व तेज गति से उसकी कार में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में कार में सवार संजीव कुमार की ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### 455 ग्राम अफीम के साथ बाइक सवार काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव धमतान सहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक को काबू कर उसके कब्जे से 455 ग्राम अफीम बरामद की है। गढ़ी थाना पुलिस ने पकडे.गए युवक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआइए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब के खरल रोड पर बाइक सवार युवक नशीले पदार्थ के साथ ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

### कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार घायल

**कैथल।** गांव प्योदा में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खेड़ी शेरू निवासी खुशी राम ने तितरम थाना में शिकायत दी कि छह मार्च को शाम के समय वह मोटर साइकिल पर गांव प्योदा के पास से जा रहा था। वहां अज्ञात कार चालक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी रोहताश सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी चालक पर हमला कर किया घायल

**जींद।** गांव पिंडारा पूल के निकट कार व बाइक सवार युवकों ने गाड़ी चालक पर हमला कर घायल कर दिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल चालक की शिकायत पर एक व्यक्ति को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी लेकर गांव पिंडारा की तरफ जा रहा था। पिंडारा पुल के निकट पीछे से आई कार ने उसकी गाड़ी का रास्ता रोक लिया।

---

### पूर्व ग्रहमंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी को जीताने का लिया संकल्प




**अंबाला।** छावनी के अग्रवाल धर्मशाला में चुनाव कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री अनिल विज और बैठक में मौजूद कार्यक्रर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्व गृहमंत्री विज बोले भाजपा की कर्मठ फौज की हुंकार पूरे देश में जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में भाजपा की कर्मठ फौज है जिसकी हुंकार सारे हिंदुस्तान में जाती है। लोकसभा चुनाव में अम्बाला से भाजपा प्रत्याशी बहन बंतों कटारिया को भारी मतों से जिताने हमें चुनाव की आखिरी तारीख तक पूरी ताकत लगानी है।

विज देर शाम छावनी के अग्रवाल धर्मशाला में लोकसभा चुनाव के लिए अम्बाला छावनी में प्रचार अभियान की शुरूआत से पहले कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने "अबकी बार 400 पार" नारे लगाते हुए कहा कि छावनी के चुनाव प्रचार का श्रीगणेश फारूखा खालसा स्कूल से आयोजित "विजय संकल्प यात्रा" से किया जाएगा और इस यात्रा में बंतो कटारिया भी शामिल होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह जोर-शोर से इस यात्रा में शामिल हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके जीवन का सिद्धांत रहा है कि वह जो काम करते हैं वह शत-प्रतिशत ताकत के साथ करते हैं। जितनी उनमें ताकत है वह पूरी ताकत लगाते हैं और वह यही अपेक्षा कार्यकर्ताओं से भी करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आखिरी तारीख तक हम सभी को पूरी ताकत लगाकर चुनाव प्रचार में जुटना है ताकि हम यहां से भारी मतों से बहन बंतों कटारिया जी को जीता सकें। विज ने कहा कि हमनें पूर्व में चुनाव के लिए 31 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति बनाई थी और इस समिति की बैठक भी हो चुकी है। अम्बाला छावनी लोकसभा क्षेत्र का मंगलवार चुनाव प्रचार अभियान शुरू हो रहा है। शाम पांच बजे फारूखा खालसा स्कूल से विजय संकल्प यात्रा निकाली जाएगी जिसके बाद नियमित लगातार चुनावी अभियान कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर 31 सदस्यीय चुनाव समिति के अध्यक्ष ललित चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता सोम चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष किरणपाल चौहान के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# भाजपा ने हमेशा किसानों की आवाज दबाने का किया काम: वरुण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


मुलाना विधायक वरूण चौधरी।

- भाजपा सरकार पर कांग्रेस विधायक ने लगाया किसानों की आवाज दवाने का आरोप

विधायक वरुण चौधरी ने यमुनानगर जिले के साढ़ौरा में सीएम की जनसभा में जा रहे किसानों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती गिरफ्तार किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कारवाई भाजपा के किसान विरोधी चेहरे का प्रतीक है। विधायक ने कहा कि सरकार को किसानों की आवाज दबाने के बजाय किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना चाहिए लेकिन भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रशासन के बल पर किसानों की आवाज़ को हमेशा दबाने का काम किया है। जिससे भाजपा सरकार का किसान विरोधी रवैया बार-बार सामने आ रहा है। कभी भूमि अधिग्रहण अध्यादेश और काले कृषि कानून लाकर किसानों पर हमले किए जाते हैं तो कभी उन पर लाठीचार्ज से सीधा वार किया जाता है, जैसा कि कुरुक्षेत्र पिपली में हुआ। शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे किसानों पर इस सरकार द्वारा जो अत्याचार किए गए हम उसकी निंदा करते हैं। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को फसल बीजने से लेकर फ़सल बेचने तक दर दर भटकना पड़ता है और फिर फसल का भुगतान भी समय से नही होता है। खेती में उपयोग होने वाली खाद, बीज, कीटनाशकों के दामों में कई गुना वृद्धि इस भाजपा सरकार द्वारा की गई है पेट्रोल, डीजल की कीमतें आसमान छू रही है। भाजपा सरकार के वायदे मुताबिक 2022 तक किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसानों की खेती का खर्च जरूर कई गुना तक बढ़ गया है।

## बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए किया प्रेरित


कैप्शन : बच्चों को स्टेशनरी बांटते हुए सोनिया परोचा।

बराड़ा। गांव घेलड़ी में डॉ भीमराव अम्बेडकर जंयती के उपलक्षय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा नेत्री सोनिया परोचा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच मीना रानी ने की। गांव की महिलाओं ने सोनिया परोचा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहब के सपनों को सरकार करने का कार्य कर रही है। भाजपा नेत्री ने कहा कि बाबा साहब का सपना था कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी विकास योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए जिसके लिए जमीनी स्तर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल में लाया जा रहा है। वर्तमान सरकार विकसित भारत के सपने को सरकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त कर रहे बहुत से बच्चों को अपनी ओर से लेखन सामग्री बांट कर सम्मानित किया। मौके पर मोहन परोचा, सोहनलाल, प्रदीप कुमार, शंटी कुमार, श्यो राम, नरेश कुमार, जसबीर सिंह, रुमन देवी, रानी देवी, परमजीत कौर, ममता देवी व अन्य महिलाएं मौजूद रही।

---

### सीएम फ्लाइंग ने दी बीड़ीपीओ कार्यालय में दस्तक, हड़कंप

**सफीदों।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने मंगलवार को नगर के बीडीपीओ कार्यालय में दस्तक दी। जिसके बाद पूरे बीडीपीओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम की अगुवाई सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार कर रहे थे। टीम ने कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर जांचते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के कायारें की प्रगति के बारे जानकारी हासिल की। इस कार्रवाई के दौरान खुद बीडीपीओ जींद किसी मीटिंग में जाए हुए बताए गए तथा उनके स्थान पर कोई नरेश कुमार कार्य करता हुआ मिला। वहीं हाजिरी रजिस्टर में कर्मचारियों ने अपनी-अपनी हाजरियां नहीं लगाई हुई थी। टीम ने वहां पर मौजूद कर्मचारियों से पूछा कि गांव में कचरा उठाने की योजना के तहत कितना कार्य हुआ, जिस पर बताया गया कि इस कार्य के लिए अभी तक गांवों में टेंडर नहीं हुए है।

---

# प्रदेश में जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत, मजबूती से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

- जजपा नेता दिग्विजय चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं में भरा खूब जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** मंचासीन जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला व मौजूद कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत है और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल लोकसभा चुनाव है और पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हुए है। इसके साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए भी जी-जान से जुटे हुए है। वे मंगलवार को चुनाव के मद्देनजर जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने पांच मजबूत लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और बाकी बची पांच लोकसभाओं में भी मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि जेजेपी पार्टी को बने छह साल हुए हैं और इन छह सालों में जेजेपी ने कई मुकाम हासिल किए है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव पर पूरा फोकस करें क्योंकि यह चुनाव दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने का सेमीफाइनल है। दिग्विजय ने कहा दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद के मायने बदले हैं। इससे पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा डिप्टी सीएम के पद को कुछ नहीं मानते थे लेकिन दुष्यंत ने मायने बदले तो भूपेंद्र हुड्डा चार उपमुख्यमंत्री बनाने की बातें करते हैं। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि लोगों में नाराजगी भाजपा के काम के तरीके को लेकर थी और इस बात को जनता समझती है। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो देश की सबसे बड़ी पंचायत में इलाके की आवाज को बुलंद कर सके। दिग्विजय ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने बतौर सांसद और डिप्टी सीएम रहते हुए प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दिया, जिसे जनता सदैव याद रखेगी। उन्होंने कहा कि अगर इलाके का प्रतिनिधित्व संसद में मजबूती से रखा जाए तो क्षेत्र विकास के मामले में कभी भी पीछे नहीं रह सकता इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं को यह समझाएं कि उनका हितैषी कौन है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके दलबीर सिंह पूनिया, सुरजीत सौंडा ,अनिल जंधेड़ी , सरबजीत कौर, डॉक्टर एमएस ढिल्लों ,पुष्पिंदर मोहडी, कमल रावल , मनोज राणा ,लक्की सैनी छोटा, रामदास , दलबीर सौंटा,सरोज लूथरा , हरकेश सुल्लर , डॉक्टर रविंद्र , सरजंत सिंह , कप्तान सिंह, गुलाब सिंह, मनजीत सिंह,राज कुमार वर्मा ,अरमान सिंह, यशपाल बजाज, जसवंत सिंह मोहड़ी , देविंद्र सैनी , मुकेश श्याम सिंह, भूपिंदर सिंह, भारत भूषण , प्रवीण गुप्ता, गेविन पूनिया, नवीन हरी, लक्की जलबेडा,विक्रम,संजू, जतिंद्र सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# अंबाला लोकसभा सीट के लिए 927 पोलिंग स्टेशन स्थापित

- सैक्टर ऑफिसर्स को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


वीवीपैट मशीन को चेक करते जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन व अन्य।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने में सैक्टर ऑफिसर की अहम भूमिका होती है। सेक्टर ऑफिसर की चुनाव ड्यूटी लगाई गई है, वे उसका बेहतर तरीके से निवर्हन करें। सेक्टर ऑफिसर को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसकी ट्रेनिंग लेना भी सुनिश्चित करें ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उपायुक्त मंगलवार को पंचायत भवन के सभागार में सेक्टर ऑफिसर की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता भी मौजूद रहीं। डॉ. शालीन ने कहा कि पोलिंग पार्टी और कमीशन के बीच सेक्टर ऑफिसर एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। उन्होंने इस दौरान उन्हें मतदान से पहले, मतदान के दौरान तथा मतदान के उपरांत जो ड्यूटी उन्हें सौंपी गई है, उसका ईमानदारी से निवर्हन करें। अधिकारी ने बैठक के दौरान बताया कि चुनाव के दृष्टिगत 927 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। 10 से 12 पोलिंग स्टेशन के तहत एक सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है। यानि 92 सेक्टर ऑफिसर लगाए गये हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर अपने मतदान केंद्रों का दौरा करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान वहां पर बीएलओ से मिलना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नोमिनेशन से पहले नई वोट बनाने का कार्य किया जा सकता है। इसी प्रकार मतदान से पहले पोलिंग पार्टियां लगाई गई है और जो उनके अधीन आती हैं वे चुनाव सामग्री के साथ डिस्पैच सेंटर से ले जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर ऑफिसर को मतदान से 10 दिन पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी सौंपी जाएगी। मतदान वाले दिन हर सेक्टर ऑफिसर को एक स्पेयर ईवीएम मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि यदि कहीं पर ईवीएम मशीन, वीपीपैट, बेल्ट यूनिट खराब होती है तो उसे तुरंत बदला जा सके। जहां पर भी कोई मशीन खराब होती है, उसकी सूचना चुनाव कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम में देनी होगी। इस दौरान चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार समेत अनेक सैक्टर ऑफिसर मौजूद थे।

---

# खेतो में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

चुहड़पुर लिंक मार्ग पर अलेवा के खेतों में खड़ी गेहूं में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। साथ के खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने गेहूं की खड़ी फसल में आग लगी देख मामले की सूचना पुलिस व खेत के मालिक किसानों को दी। सूचना मिलते ही अलेवा थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ व गांव से सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टरों व पानी की टंकी लेकर मौके पर पहुंच गए। तेज हवाओं के चलने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग कुछ ही देर में काफी दूर तक फैल गई। किसानों ने आग लगी गेहूं की फसल के चारों और ट्रैक्टर चला कर व पानी की सहायता से लगभग आधे घंटे में बिना फायर बिग्रेड के आग पर काबू पाया जा सका। आग पर काबू पाने में ग्रामीणों के साथ अलेवा थाना पुलिस की टीम ने भी सहयोग किया। ग्रामीणों व किसानों ने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया गया, उस समय तक अलेवा की साधन पट्टी निवासी सुरेश की तीन एकड़ में खड़ी गेहूं व बाधू पट्टी निवासी संदीप की अढ़ाई एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है।

---

# पत्नी से अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोपों में पति की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- दो आरोपियों की गिरफ्तारी पर अदालत ने रोक लगाई, अब दोनों आरोपी जांच में होंगे शामिल होंगे
- जांच का एक नियम होता है जिसे लुधियाना पुलिस ने नहीं लागू किया: कांग्रेस नेत्री चित्रा

दहेज उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे मंत्री के करीबी अरविंद अग्रवाल लक्की व उनकी पत्नी की गिरफ्तारी पर अदालत ने रोक लगा दी है। हालांकि अदालत ने अरविंद के बेटे हिमांशु अग्रवाल की अग्रिम खारिज कर दी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए सभी आरोपियों ने लुधियाना की अदालत में याचिका दायर की थी। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब हिमांशु पर गिरफ्तारी का दबाव बढ़ गया है। लुधियाना की रहने वाली दीक्षा ने पति हिमांशु अग्रवाल, ससुर अरविंद अग्रवाल, सास संगीता अग्रवाल व अन्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए धारा 406, 498 A, 377, 354, 120 बी के तहत केस दर्ज करवाया है। लुधियाना की एडिशनल सेशन कोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दीक्षा की ओर से दर्ज करवाई गई एफआईआर में राज्य मंत्री असीम गोयल के नाम का भी जिक्र किया है। हालांकि पुलिस ने असीम इस मामले में मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से इंकार कर दिया है। उधरकांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा ने इस मामले में असीम गोयल का इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा है कि सही ढंग से बिना किसी दवाब के मामले की जांच हो, इसलिए असीम को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए ।

चित्रा ने कहा पहले भी प्रदेश सरकार अपने मंत्रियों को महिला द्वारा आरोप लगने में बाद भी बचा चुकी है। उन्होंने कहा असीम गोयल को बिना जांच में शामिल किए क्लीन चिट कैसे दी गई। जांच का एक नियम होता है जिसे लुधियाना पुलिस ने नहीं लागू किया।

---

**लोकसभा चुनाव** | पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने चलाया अभियान

# आमजन को मतदान के प्रति किया जागरुक, छात्रों ने निकाली रैली

मतदान के संबंध में कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 1950 पर दर्ज करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़।** रैली निकालते हुए स्कूली बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला की स्वीप टीम के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां करवाते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य जगदीश मेहरा के द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूल लीगल लिटरेसी क्लब और स्वीप टीम के द्वारा गांव के सभी ऐसे युवक युवतियों जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है , उनको वोट बनावाने व मतदान के बारे में जागरूक किया गया। इसके लिए सभी बीएलओ वोट बनवाने में सभी का सहयोग करेंगे। इसके अलावा जिन लोगों का वोट बना हुआ है उन सभी को 25 मई को हर हाल में अपना मतदान अवश्य करना है और इस क्षेत्र में मतदान की प्रतिशतता को बढ़ाना है । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के द्वारा मताधिकार और मतदान पर आधारित कार्यक्रम मतदान के संदेश देने के लिए करवाए गए स्वीप टीम के द्वारा गांव वालों को नई वोट बनवाने के लिए मतदाता हेल्पलाइन एप का प्रयोग करने, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के समाधान हेतु सी विजिल एप का प्रयोग करने एवं टोल फ्री नंबर 1950 पर जाकर मतदान संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने और मोबाइल से कर कोड स्कैन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए भी मतदाताओं को जागरूक करवाया गया।